# जनपद-बाराबंकी

**दिनांक- 06.07.2025**

टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ट्रेडिंग मार्केटिंग में दोगुना मुनाफा देने के नाम पर साइबर फ्राड किए जाने के सम्बन्ध में साइबर सेल/साइबर क्राइम थाना, बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संपूर्ण धनराशि 1,00,000/- रूपये को आवेदक के खाते में वापस कराया गया-

साइबर सेल जनपद बाराबंकी को ऑनलाइन 1930 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई जिसमें आवेदक अजय कुमार यादव पुत्र अशरफी लाल यादव निवासी सेंट्रल एकेडमी आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी के साथ टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ट्रेडिंग मार्केटिंग में दोगुना मुनाफा देने के नाम 1,00,000/- रूपये का फ्रॉड किए जाने के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया।

संदर्भित प्रकरण में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर श्री सौरभ श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर सेल/साइबर क्राइम थाना द्वारा तत्काल बैंक/मर्चेंट से पत्राचार कर खाता होल्ड कराकर सम्पूर्ण धनराशि 1,00,000/- रूपये आवेदक के खाते में वापस कराया गया।

**पुलिस टीम-**

1.निरीक्षक श्री संजीव कुमार यादव प्रभारी साइबर थाना जनपद बाराबंकी
2.उ0नि0 श्री इफलाक अहमद साइबर थाना
3.उ0नि0 श्री सत्येंद्र पाण्डेय साइबर थाना
4.मुख्य आरक्षी नीरज यादव ,मुख्य आरक्षी जितेंद्र,आरक्षी सुधाकर साइबर थाना
5.आरक्षी राजन यादव ,आरक्षी अभिषेक चपराणा, आरक्षी अंकुश साइबर सेल
6.आरक्षी पंकज सिंह ,आरक्षी अनुराग सिंह,अंकित कुमार, आरक्षी मधु भारती
7.म0आ0 मोहिनी तिवारी साइबर थाना